Since 1974

JEWELLERS ASSOCIATION JAIPUR

# जैम वर्ल्ड

ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर की आधिकारिक पत्रिका

सितम्बर-अक्टूबर 2022

## 18 नवंबर से होगा jas

connect to source

द प्रीमियम बीटूबी शो

## का आगाज़

## ट्रेंड्स @ विसेंजा शो

## JAGS अक्टूबर शो

JEWELLERS ASSOCIATION GEMSTONE SHOW

## उत्साहित रहे ज्वैलरी डिज़ाइनर्स

## ट्रेड टॉक निर्मल बरड़िया

## एक्वामरीन या मैक्सिस टाइप ब्लू बेरिल






C.I. Bogotá Emerald Mart S.A.S.
Miner and Exporter of Colombian Emeralds.
All qualities, cut and rough.
Av. Jiménez No. 5-43 Of. 801 Bogotá - Colombia
Tels: (571) 342 0966 - 342 0015 - 342 2860
www.bem.com.co - bem@bem.com.co - benny@bem.com.co
BENNY
www.bem.com.co
2021 -5781
ICA
MEMBER
Benny Bazalel
+57 310 219 5000
Jonny Bazalel
+57 313 294 0430
Shareholder of:
Empavas Mine in Muzo/Quipama
Calceteros and Buenos Aires Mine in Coscuez

JEWELLERS ASSOCIATION JAIPUR

Since 1974

# जैम वर्ल्ड

ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर की आधिकारिक पत्रिका

सितम्बर-अक्टूबर 2022 | Volume XXXX No. 5

Regd. with R.N.I. No. 26126/74

धर्मकांटा

जनोपयोगी भवन

ज्वैलर्स असोसिएशन जैम स्टोन शो (JAGS)

जैम बोर्स

ज्वैलर्स असोसिएशन शो (JAS)

द सेलेक्ट बी2बी शो

द प्रीमियम बी2बी शो

जैम वर्ल्ड

**संपादक और डिजाइन**
Splashierz Design
+91 77427 25334

**प्रकाशन**
ज्वैलर्स असोसिएशन
जौहरी बाजार, जयपुर 302 003 (भारत)
टे: +91 141 4034112-13
फे : +91 141 2560125
ई: gemworld@jajaipur.com
वेब: www.jajaipur.com

**विज्ञापन, टैरिफ या अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:**
टे: +91 141 4034112-13
मो: +91 87696 64864 | +91 99502 11331
ई: gemworld@jajaipur.com

डिस्क्लेमर
पत्रिका में विभिन्न लेखों में दिए गए विचार लेखकों के हैं, इनमे किसी भी प्रकार की त्रुटियों के लिए ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर का कोई दायित्व नहीं होगा।



कवर इमेज क्रेडिट:
जस नवंबर शो

## विषय - सूची

16 18 नवंबर से होगा **"जस - द प्रीमियम बीटूबी शो"** का आगाज़

jas connect to source

19 **ग्लोबल फेयर अपडेट्स**
बैंकॉक जैम एंड ज्वैलरी फेयर




21 **ट्रेड टॉक**
**निर्मल बरड़िया**
आरएमसी जैम्स




24 **देश का एकमात्र रफ एंड कट जैमस्टोन अक्टूबर शो**

JAGS JEWELLERS ASSOCIATION GEMSTONE SHOW

**27 इंडस्ट्री के युगपुरुष**

डॉ. रजनीकांत शाह

**31 ब्लॉगर कनेक्ट**

ट्रेंड्स @ विसेंजा शो



31



36

**34 ट्रेंडी अफेयर्स**

ज्वैलरी डिज़ाइन के नए ट्रेंड्स

**45 जानकारी नए जैमस्टोन्स की**

एक्वामरीन या
मैक्सिस टाइप ब्लू बेरिल

**50 डिज़ाइन स्पीक**

इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़
जैम्स एंड ज्वैलरी जयपुर



51

**नवीनतम जानकारी**

56 INDIA जैम एंड ज्वैलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन कौंसिल

58 जैम एंड ज्वैलरी स्किल काउंसिल ऑफ़ इंडिया

59 ज्वैलर यूथ एंड वेलफेयर सोसाइटी



37



38



39



40

**62 नीलामी एवं प्रदर्शनियां**

**जैमफील्ड्स**
एमरल्ड ऑक्शन, जयपुर

**फ्यूरा जैम्स**
विश्व का सबसे बड़ा माणक
(रूबी) की खोज

62



# PRECITONE CO. LTD

COLOUR STONES



www.precitone.com
202-208, Sithikorn Bldg, Room 404, 4th Floor,
Mahesak Soi-2, Bangkok - 10500 (Thailand)
Phone: 0818011295
Email: anu@precitone.com

JEWELLERS ASSOCIATION JAIPUR

# जैम वर्ल्ड 2022-24

## सलाहकार मंडल



**डी.पी. खण्ड़ेलवाल**
अध्यक्ष



**आलोक सौंखिया**
उपाध्यक्ष



**नीरज लुणावत**
मानद् मंत्री,
संयोजक, जैम वर्ल्ड पत्रिका



**अभिषेक सांड**
सदस्य



**अदित बरड़िया**
सदस्य



**महेश खण्ड़ेलवाल**
सदस्य



**नरेश अगरोया**
सदस्य



**शिरीष अग्रवाल**
सदस्य



**सुधीर ठोलिया**
सदस्य

JEWELLERS ASSOCIATION JAIPUR

# कार्यकारी समिति
## सत्र 2022-2024


डी.पी. खण्ड़ेलवाल
अध्यक्ष


आलोक सौंखिया
उपाध्यक्ष


नीरज लुणावत
मानद् मंत्री


राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला
संयुक्त सचिव


गोविन्द प्रकाश अग्रवाल
कोषाध्यक्ष


अभिषेक जैन
सदस्य


अभिषेक सांड
सदस्य


अजय गोधा
सदस्य


अशोक माहेश्वरी
सदस्य


बिट्ठल दास माहेश्वरी
सदस्य


महावीर कुमार डागा
सदस्य


नरेन्द्र लक्खी
सदस्य


निर्मल कुमार बरड़िया
सदस्य


पंकज सौंखिया
सदस्य


प्रदीप मेहता
सदस्य


रामशरण गुप्ता
सदस्य


सुनील मनिहार
सदस्य


विजय केड़िया
सदस्य

JEWELLERS ASSOCIATION JAIPUR

# उप-समितियां
# सत्र 2022-2024

**सभी उप-समितियों में अध्यक्ष डी.पी. खण्डेलवाल एवं मानद् मंत्री नीरज लुणावत पदेन सदस्य होंगे।**

### जैम वर्ल्ड सलाहकार मंडल
### मानद मंत्री एवं संयोजक
नीरज लुणावत

**सदस्य**

अभिषेक सांड
अदित बरड़िया
आलोक सौंखिया
महेश खण्डेलवाल
नरेश अगरोया
शिरीष अग्रवाल
सुधीर ठोलिया

### वित्त संग्रह
**संयोजक**

रामशरण गुप्ता

**सदस्य**

जुगल किशोर डेरेवाला
निर्मल कुमार बरड़िया
राजेन्द्र साबू
संजय काला
श्याम सुन्दर खटोरिया
विजय केड़िया

### धर्मकांटा
**संयोजक**

पंकज सौंखिया

**सदस्य**

भारत भूषण गुप्ता
किरण शाह
मनीष अग्रवाल
मोहम्मद अंसारी
मुरली गोपाल झालानी
नीरज सौंखिया
निमीश खण्डेलवाल
रोहिताश सौंखिया
श्रीराम विजय

### शोध, विकास एवं मैन्यूफेक्चरिंग
**संयोजक**

प्रदीप मेहता

### कर, विधि, आयात-निर्यात संवर्धन एवं कस्टम
**संयोजक**

विजय केड़िया

### विधान संशोधन
**संयोजक**

विजय केड़िया

### पंच फैसला
**संयोजक**

निर्मल कुमार बरड़िया

### रत्न दलाल
**संयोजक**

सुनील मनिहार

**सदस्य**

गौरव फोफलिया
ललित कुमार जैन (चपलावत)
महेश गुप्ता
मज़ीद भाई घोड़ेवाला
नवल बिहारी गुप्ता
प्रमोद कोटावाला
प्रीतम कोठारी
रोहित धांधिया
सत्य नारायण मालपानी
शिरिष अग्रवाल
सुमेर मल लोढ़ा
सुरेश मूथा
वेनी प्रसाद गुप्ता
विनीत अग्रवाल

### जनोपयोगी भवन
**संयोजक**

महावीर कुमार डागा

**सदस्य**

अभिषेक सांड
आलोक सौंखिया
अमित जैन
दीपक मित्तल
गौतम पंसारी

# उप-समितियां
# सत्र 2022-2024

किशन मूंदड़ा
नील कंठ भंडारी
राजेश डागा
राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला
संदीप गुप्ता
संजय डागा
वेनी प्रसाद गुप्ता

### डिजिटाइजेशन/IT/Social Media
**संयोजक**
अभिषेक सांड

### ट्रेड रेगुलेटरी (टी.आर.सी)
**संयोजक**
निर्मल कुमार बरड़िया

### सदस्यता प्रपत्र जांच
**संयोजक**
डी.पी. खण्लडेलवाल

### सेमिनार
**संयोजक**
गोविन्द प्रकाश अग्रवाल

### व्यापारिक सुरक्षा
**संयोजक**
नरेन्द्र लक्खी

### सामाजिक सरोकार
**संयोजक**
राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला
**सदस्य**
अभिषेक सांड
आकाश अग्रवाल
आलोक सौंखिया
बृज किशोर अग्रवाल
धर्मेन्द्र चौपड़ा
कृष्ण कुमार अग्रवाल
मदन मोहन विजय
महावीर कुमार डागा
नरेन्द्र लक्खी
नीलेश कुमार छाजेड
नीरज खण्डेलवाल
पंकज सौंखिया
प्रमोद बाणवाला
राजेश डागा
राजेश कटारिया
राम सहाय माहेश्वरी (मांधना)
रामशरण गुप्ता
सुधांशु रावत
विमल गुप्ता (जिन्दल)

### बी2बी शो (JAGS)
**संयोजक**
अभिषेक सांड
**सदस्य**
अब्दुल शकूर लाली
आलोक सौंखिया
आनन्द राव
आशीष बंग माहेश्वरी
आशीष सिंघवी
धर्मेन्द्र चौपड़ा
घनश्याम साहू
केतन मुंशी
कृष्ण बल्लभ नाटाणी
महावीर कुमार डागा
नील कंठ भंडारी
प्रमोद कोटावाला
राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला

### परिचय-पत्र, प्रमाणपत्र एवं डाइरेक्ट्री
**संयोजक**
अजय गोधा

### ज्वैलर्स असोसिएशन एम्प्लॉयमेंट ड्राइव
**संयोजक**
अशोक माहेश्वरी

JEWELLERS ASSOCIATION JAIPUR

# उप-समितियां सत्र 2022-2024

### ज्वैलर्स असोसिएशन शो (JAS)
**संयोजक**
अशोक माहेश्वरी
**सह संयोजक**
अजय गोधा
नरेश अगरोया
**सदस्य**
अभिषेक जैन
अभिषेक सांड
आलोक सौंखिया
अनिल ताम्बी
अरूण गोखरू
बजरंग बाहेती
बिट्ठल दास माहेश्वरी
दीपक साहू
गौरव जैन
गोविन्द प्रकाश अग्रवाल
जितेन्द्र सिंह शेखावत
कमल जिंदल
कृष्ण कुमार अग्रवाल
महावीर कुमार डागा
महेन्द्र लुहाड़िआ
महेश खण्ड़ेलवाल
मुकेश विजय
नरेन्द्र लक्खी
निर्मल कुमार बरड़िया
नितिन गिलारा
पंकज सौंखिया
प्रदीप मेहता
राघव खण्ड़ेलवाल
राजेश डागा
राजेश धामाणी
राजेश नाहर
राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला
रामशरण गुप्ता
रूपेश ताम्बी
संचित टाटीवाला
संजय काला
शुभांग मित्तल
सुधीर ठोलिया
सुनील बटवाड़ा
सुनील कुमार गुप्ता
सुनील मनिहार
सुरेश ढढ्ढा
विजय केड़िया
यशेष ताम्बी

### के वाई सी
**संयोजक**
राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला

### यंग एन्ट्रीप्रिन्योर
**संयोजक**
अभिषेक जैन
**सदस्य**
अखिल गोयल
गिरजा शंकर शर्मा
निखिल गुप्ता
विनोद कुमार भुखमारिया
योगेश कुमार साहू

### ज्वैलर्स असोसिएशन, जौहरी बाजार भवन रख-रखाव
**संयोजक**
पंकज सौंखिया
**सदस्य**
अब्दुल शकूर लाली
आकाश अग्रवाल
आलोक कुमार सिंह
चर्चिल पटेल
दीपक गुप्ता
दिलीप पंजाबी
किशन मूंदडा
कोमल जैन
कृष्ण कुमार अग्रवाल
मनीष कोठारी
रोहिताश सौंखिया
शरद गोयल
शैलेश कुमार मेहता
तारक नाथ मिश्रा
विनोद कुमार भुखमारिया
विशाल मालपानी

GEMFIELDS



Responsibly sourced Zambian emeralds and Mozambican rubies.
Championing transparency and trust in the coloured gemstone industry.

GEMFIELDS.COM

JG Jaipur Gem





EMERALD



RUBELLITE



AQUAMARINE



AMETHYST



PEACH MORGANITE



TANZANITE



TSAVORITE



PINK TOURMALINE



PERIDOT



BLUE TOPAZ



PINK MORGANITE



YELLOW BERYL






WWW.JAIPURGEM.COM

jaipurgem jaipurgem

TEL NO: +91-141-257-1401,+91-141-2571402

Email-contact@jaipurgem.com

valentine®
JAIPUR



VALENTINE JEWELLERY INDIA PVT. LTD.
E: order@valentinejewelleryindia.com
T: +91-7412077885

VALENTINE JADAU
E: val.jadau@gmail.com
T: +91-7412077880

valentinejaipur
www.valentinejaipur.com




Tanzanite


Opal


Paraiba


Rubellite


Swiss Blue Topaz


Tourmaline


Bi-color


Green Tourmaline


Aquamarine


Morganite


Alexite®


Multi Tourmaline


Flat Rose Cut


Mystic Topaz®


Natural Zircon


Garnet


Citrine


London Blue Topaz


Amethyst


Sky Blue Topaz


Rhodolite


Smoky Quartz


Apatite


Hessonite


Black Spinal


Drusy


Yellow Beryl

Certifed Member of Responsible Jewellery Council


**Corporate Office**

RMC Gems India Ltd.

24, Bardiya Colony, Museum Road,
Jaipur 302004 India
Tel: 91-141-2533050,2533092
Email: rmc@rmcgems.in

RMC

www.rmcgems.in

**SEZ Factory**

RMC Gems India Ltd.

G1-18 & 19, SEZ Phase 1, Sitapura Industrial Area,
Tonk Road, Jaipur 302022 India
Tel: 91-141-2770687 Fax: 91-141-2770669
Email: rmc@rmcgems.in


JEWELLERS' ASSOCIATION
JAIPUR
ANNOUNCING
jas
connect to source
THE PREMIUM B2B SHOW
18, 19, 20 & 21 NOVEMBER'22
JEWELLERS' ASSOCIATION
JAIPUR
JECC, SITAPURA, JAIPUR
252, Johari Bazar, Jaipur Ph: +91 141 4034112, 113, 2563829 Email: info@jasjaipur.com
www.jasjaipur.com

JEWELLERS' ASSOCIATION
JAIPUR

jas
connect to source

द प्रीमियम बीटूबी शो

**जेईसीसी, सीतापुरा में 18 से 21 नवंबर तक चलेगा शो**

# 18 नवंबर से होगा "जस" का आगाज़









**अशोक माहेश्वरी**
संयोजक
ज्वैलर्स असोसिएशन शो

**'जस' द प्रीमियम बीटूबी शो अनेक मायनों में महत्वपूर्ण है।** शो में रियल बायर्स आते हैं, उनसे अच्छा रेस्पॉन्स मिलता है। शो का आयोजन दीवाली त्यौहार के बाद हो रहा है, आगे लगातार सीजन है, इस कारण बेहतरीन कारोबारी अवसर सृजित होते हैं। शो परिसर इस बार अनूठा होगा। यहाँ उच्च गुणवत्ता के फैब्रिकेटेड बूथ बनाए जा रहे हैं। इस बार सभी बूथ समान डिजाइन और क्वालिटी वाले रहेंगे।
शो में जो होस्टेड बायर्स आते हैं, उनके लिए अलग से लाउंज बनाया जा रहा है। देश भर के बायर्स इस शो से कनेक्ट हैं और उनका रेस्पांस भी काफी अच्छा है। सभी प्रमुख कारोबारियों की भागीदारी इस शो में रहती है।
इस शो में राजस्थान के बाहर से आने वाले होस्टेड बायर्स के लिए एक विशिष्ट सुविधा दी जा रही है जिसमे यात्रा खर्च की एक निश्चित सीमा तक प्रतिपूर्ति की जाएगी. हवाई जहाज से आने वाले बायर्स को वास्तविक खर्च (अधिकतम सीमा 10,000 रुपये) तथा रेल और सड़क मार्ग से आ रहे बायर्स को अधिकतम 5,000 रुपये तक के ट्रैवलिंग एक्सपेंडिचर की अदायगी की जा सकेगी। शो को विश्व भर में लोकप्रिय बनाने के लिए सोशल मीडिया का व्यापक उपयोग किया जा रहा है।

ज्वैलर्स असोसिएशन शो 'जस' का आगाज़ 18 नवंबर, 2022 से हो रहा है। 21 नवंबर, 2022 तक चलने वाला यह 'जस' का 16वां संस्करण होगा। इतना ही नहीं कनेक्ट टू सोर्स की अवधारणा के साथ यह तीसरा बीटूबी आयोजन भी होगा। जयपुर के सीतापुरा इंडस्ट्रियल एरिया स्थित जयपुर एक्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित यह शो इस बार इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि कोरोनाकाल के पश्चात् सभी कार्य क्षेत्रों की गतिविधियां सुचारु रूप से चल रही हैं, जिससे अर्थव्यवस्था भी सुदृढ़ हुई हैं। शादियों का दौर (सीजन) भी हैं। सामने पश्चिमी देशों का क्रिसमस फैस्टिवल है, उसके बाद नववर्ष का आगमन है। इस दौर में





रिटेल मार्केट में रत्नाभूषण की मांग बढ़ जाती है।
सोलहवें संस्करण में 'जस-2022' निखार की ओर अग्रसर है। यह उत्तर भारत का सबसे बड़ा बीटूबी शो हो गया है। यह देश की सबसे पुरानी ज्वैलर्स असोसिएशन मे सबसे प्रमुख ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर के ज्वैलरी उत्पादकों, जैमस्टोन विशेषज्ञों, ज्वैलरी अनुरागियों, ज्वैलरी व रत्न घड़ने वाले



कारीगरों तथा रिटेलर्स के लिए एक माइलस्टोन इवेंट है। आजादी के दो दशक पूर्व स्थापित इस असोसिएशन का न केवल राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम व पहचान है, बल्कि इसके सदस्यों की कारोबारी विश्वसनीयता भी है।

ज्वैलर्स असोसिएशन शो की खास बात यह है कि जयपुर के सभी प्रमुख ब्रांड एक ही छत के नीचे जहाँ उपलब्ध होते हैं, वहीं हजारों वैरायटी भी देखने को मिलती है। बायर्स जो मन बनाकर आते हैं, उनकी तुलना में कहीं अधिक देखने-खरीदने के लिए मिल जाता है। दूसरी महत्वपूर्ण बात यह कि पारंपरिक ज्वैलरी के साथ आधुनिकतम तकनीक वाले डिजाइन भी मिल जाते हैं। इससे बड़ी बात यह कि अफोर्डेबल ज्वैलरी से लेकर बेशकीमती जेवरात तक का डिस्प्ले यह शो कराता है।



**अजय गोधा**
को-कन्वीनर

"'जस' ऐसा इकलौता शो है, जिसमें देश भर से प्रीमियम सैगमेंट के एक्जीबिटर्स आते हैं और उन्हें सभी प्रमुख राज्यों के बायर्स से संपर्क व कारोबार का मौका मिलता है।
'जस' का आयोजन स्थल बेहतरीन लोकेशन और लक्जरी अकोमोडेशन के साथ-साथ प्रीमियम पैवेलियन, एक्सक्लुसिव लाउंज और नेटवर्किंग इवनिंग का लाभ भी देता है। सभी बूथ इंटरनेशनल लुक वाले डिजाइन किए गये हैं।"



**नरेश अगरोया**
को-कन्वीनर

"जयपुर एक पारंपरिक जेवरात का बड़ा कारोबारी केंद्र है। यहाँ हस्त-निर्मित ज्वैलरी, कुंदन मीना की जड़ाऊ ज्वैलरी, कंटेंपरेरी डायमंड ज्वैलरी का बड़ा काम है, वहीं कलरस्टोन ज्वैलरी का भी बड़ा उठाव है।
इसके अलावा लूज़ कलरस्टोन व जैमस्टोन का बड़ा बिजनस सेंटर भी गुलाबी नगरी है। इन सबके लिए ही देश-विदेश से बड़ी तादाद में बायर्स इस शो में भागीदारी करने जयपुर आते हैं।"



## बैंकॉक जैम एंड ज्वैलरी फेयर

# कलर स्टोन्स के प्रति देखी गई दिलचस्पी






बैंकॉक जैम एंड ज्वैलरी फेयर का आयोजन थाईलैंड के वाणिज्य मंत्रालय के अधीन कार्यरत अंतरराष्ट्रीय व्यापार संवर्धन विभाग तथा जैम एंड ज्वैलरी इंस्टीट्यूट ऑफ़ थाईलैंड की ओर से 7-11 सितंबर के बीच चैलेंजर्स हाल ऑफ़ इंपेक्ट, मुआंग थोंग थानी मे किया गया था।

दो साल 2020 एवं 2021 मे कोरोना त्रासदी के कारण यह शो आयोजित नहीं हो पाया था। इस अंतराल के बाद चूंकि शो आयोजित हुआ, तो आयोजक जहाँ उत्साहित थे, वहीं एक्जीबिटर्स एवं विजिटर्स मे भी उत्सुकता देखी गई। इसके पीछे वजह थी कि इस वर्ष थाईलैंड से रत्नाभूषण निर्यात में उल्लेखनीय बढ़ोत्तरी दर्ज की गई। तीन दशक से यह शो विश्व भर में अपनी पहचान भी रखता आया है।

### कुछ स्टोंस को मिला अच्छा रेस्पॉन्स



शो एक्जीबिटर

**संजय काला**

किनू बाबा ज्वैलर्स

**“लंबे समय बाद आयोजित होने के कारण यह शो विश्व भर के रत्नाभूषण कारोबारियों की निगाह में था। कलर स्टोन के प्रति विजिटर्स मे काफी दिलचस्पी देखी गई, खासकर रूबीलाइट, तंजेनाईट, पिंक-तुरमलीन, मोरगेनाईट और एक्वामरीन के लिए। शो में भारतीय बायर्स भी अच्छी संख्या में रहे, उन्होंने अनेक स्टोंस मे बड़ी पूछ-परख की। फिर भी अनेक नामी ब्रांड्स का अभाव रहा। जैसे यूरोप और अमेरिकी देशों से अपेक्षित रेस्पांस नहीं मिला। चीन की भागीदारी नगण्य थी। विश्व बाजार मंदी मे है, इसके संकेत भी दिखाई दिए। शो के पहले जो उम्मीद हम कर रहे थे, वैसा रेस्पॉन्स देखने को नहीं मिला। यह भी उम्मीद थी कि थाईलैंड के नजदीक फास्ट-ग्रोइंग इकोनॉमी वाले चार देश कंबोडिया, लाओस, म्यांमार और वियतनाम से ग्राहकी निकलेगी। वहाँ से विजिटर्स तो थे, लेकिन बड़ी ग्राहकी मे तब्दील नहीं हो पाए।”**

## जांबियन एमरल्ड का बड़ा सेंटर जयपुर



शो एक्ज़ीबिटर

**राकेश जैन**
विक्ट्री ज्वैल्स,
उपाध्यक्ष-हांगकांग जैम-स्टोन मैन्यूफैक्चरिंग असोसिएशन

"शो में कोलंबिया और जांबिया के एमरल्ड्स का अच्छा कलेक्शन था। जिनके लिए ग्राहकों मे उत्सुकता दिखी। इससे जाहिर होता है कि बाजार उठाव की ओर है। जहाँ तक बात रेस्पांस की है तो ग्लोबल मंदी की आशंका के बीच ग्राहकों में खरीददारी सीमित ही दिखी। पश्चिमी देशों से जितने विजिटर्स व बायर्स की उम्मीद थी, उसमें कुछ कमी देखने को मिली। जयपुर के नजरिए से शो इसलिये भी बेहतर रहा क्योंकि जांबियन एमरल्ड का बड़ा सेंटर जयपुर है और जयपुर से आये अनेक बायर्स ने यहाँ अच्छा काम किया है।






## डायमंड मे दिखा पोटेंशियल



शो एक्ज़ीबिटर

**संदीप जैन**
दीप इंपेक्स, बैंकॉक

"शो में हमारी कंपनी ने डायमंड्स का बड़ा डिस्प्ले किया। अनेक रंग, आकार और कट्स के डायमंड्स प्रदर्शित किए गए। जिसमें डायमंड ज्वैलरी और रिंग्स भी शामिल थी। शो में डायमंड को लेकर रेस्पांस अच्छा मिला, नये कारोबारियों ने संपर्क किया, आर्डर्स भी दिए।

इसी तरह अनेक पुराने ग्राहकों की नियमित खरीद भी हुई। हमें इस शो में भागीदारी कर अच्छा लगा। चूंकि जयपुर से अनेक एक्जीबिटर्स यहाँ आए थे तो इस शो में उनका **वैश्विक बाज़ार से संपर्क बना, जो व्यापारिक संबंधों के लिए फायदेमंद** माना जा सकता है।

शो विज़िटर



**नरेश अग्रोया**
द एमरल्ड्स शॉप

## बिजनस के लिए उत्सुकता थी

"इस शो में सभी तरह के स्टोंस का डिस्प्ले था, तो ज्वैलरी की भी अच्छी वैरायटी थी। जो विजिटर्स आए, उनमें बिज़नेस के लिए उत्सुकता थी। शो में आगंतुकों की उम्मीद के मुताबिक माल उपलब्ध था, अतः डील्स भी अच्छी रही। कुल मिलाकर शो पाजीटिव संकेत वाला रहा।





डायमंड रिंग
जी डी पी इम्पेक्स (हांगकांग) लि



## निर्मल बरड़िया के अनुसार

# बदलाव के दौर में है रत्नाभूषण उद्योग



कलर जैमस्टोन से निर्मित ब्रूच व पेंडेंट,
ग्लैमर फाइन ज्वैलरी

निर्मल बरड़िया देश की जैम एंड ज्वैलरी इंडस्ट्री का एक विख़्यात नाम है। 22 जनवरी, 1960 को जन्मे निर्मल बरड़िया आर. एम. सी. जैम्स के चेयरमैन हैं, उनकी फर्म कलर्ड जैमस्टोन की विश्वविख्यात निर्यातक है। ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर के तीन बार अध्यक्ष तथा ज्वैलर्स असोसिएशन शो के आठ बार संयोजक रह चुके बरड़िया चार दशक से इस कारोबार में सक्रिय हैं और उन्हें जैमस्टोन के स्थानीय व ग्लोबल मार्केट की बड़ी तथ्यपरक जानकारी है।

बरड़िया जैम एंड ज्वैलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन कौंसिल के रीजनल चेयरमैन हैं। इसके अलावा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ जैम एंड ज्वैलरी के निदेशक भी हैं। जैम एंड ज्वैलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन कौंसिल की ओर से उन्हें 2011 से 2019 तक और फिर 2021 मे अधिकतम कलर्ड जैमस्टोन निर्यात के लिए लगातार पुरस्कार मिले हैं। जे एन ए हांगकांग मे भी वे 2015 व 2016 के दौरान 'मैन्युफैक्चरर ऑफ़ द ईयर-कलर्ड जेमस्टोन अवार्ड' हासिल कर चुके हैं और साथ ही इंटरनेशनल कलर्ड जैमस्टोन असोसिएशन(ICA) ने उन्हें 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड' से सम्मानित भी किया है।

**जैमवर्ल्ड को दिए साक्षात्कार में उन्होंने हाल ही में आयोजित सिंगापुर शो पर चर्चा की और साथ ही कलर जैमस्टोन इंडस्ट्री की भावी स्थिति से अवगत कराया।**

## सिंगापुर शो पर आपके विचार

निर्मल बरड़िया ने बताया कि कोरोना-दौर के कारण अनेक ज्वैलरी शो स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय दोनों ही स्तर पर आयोजित नहीं हो पाए थे। हांगकांग-शो बहुत महत्वपूर्ण रहता है और इसका इंतज़ार भी होता है। इस बार पहले आईआईजेएस शो मुंबई में हुआ, फिर बैंकॉक शो और उसके बाद सिंगापुर शो आयोजित हुआ। हांगकांग-शो की तुलना सिंगापुर शो से नहीं कर सकते, लेकिन जो भी परिस्थिति थी, उसमें सिंगापुर शो ने दुनिया के रत्नाभूषण कारोबारियों का कॉन्फिडेंस बूस्ट किया और वहीं से जैम-ज्वैलरी इंडस्ट्री का रुख पॉजिटिव महसूस हुआ। निष्कर्ष रुप में कहा जा सकता है कि जैम-ज्वैलरी इंडस्ट्री के लिए अब कारोबारी आकाश अनंत है।



### भविष्य है लैब-ग्रोन डायमंड(CVD) ज्वैलरी का

उनका कहना था कि न केवल घरेलू बल्कि विश्व बाजार में लैब-ग्रोन डायमंड(CVD) सज्जित ज्वैलरी की भरपूर मांग रहेगी। प्राकृतिक डायमंड चूंकि महंगा होता है, अतः अधिकांश खरीददारों के लिए अफोर्डेबल नहीं होता, या उनकी क्रय शक्ति के दायरे में नहीं आता। ऐसे में लैब-ग्रोन डायमंड(CVD) उसके अफोर्डेबल विकल्प के रुप में



सामने आया है। इसका कच्चा माल भारत में ही उपलब्ध है और स्थानीय तौर पर इसका आवश्यकतानुसार उत्पादन किया जाने लगा है। मुंबई और सूरत इस काम के प्रमुख केंद्र बन गए हैं। देश में अनेक कारोबारियों ने इस डायमंड व इससे जड़ित ज्वैलरी का उत्पादन शुरू कर दिया है। नई पीढ़ी के युवा कारोबारी इसे भविष्य का बड़ा कारोबार मान रहे हैं। संगठित क्षेत्र की बड़ी कंपनियों ने भी इसमें दिलचस्पी ली है। एक बार बाजार की मुख्य धारा में लांच होने के बाद इसका कारोबार जोर पकड़ेगा और विश्व के रत्नाभूषण व्यवसाय के लिए यह नया ट्रेंड साबित होगा। लैब-ग्रोन डायमंड(CVD) ज्वैलरी की मांग घरेलू और वैश्विक दोनों बाजारों में है, एक मोटा अनुमान है कि भारत में इसका कारोबारी आकार 10 अरब डालर वार्षिक तक पहुंच जाएगा। चूंकि इसका कच्चा माल भारत में ही बन रहा है, अतः आयात पर खर्च होने वाली विदेशी मुद्रा की बचत है, और निर्यात संभावनाएं भी बहुत हैं।

### बढ़ेगा कलर जैमस्टोन मार्केट

वे कहते हैं कि जयपुर का नाम कई दशकों तक एमरल्ड सिटी के रुप में विश्व विख्यात रहा है। पर अब बदलाव के वर्तमान दौर में यह कलर-स्टोन का प्रमुख बिजनस सेंटर बन गया है। विगत तीन वर्षो तक कोरोना की चपेट में पूरा बाजार रहा, लेकिन अब हालात बेहतर हुए हैं। प्रेशियस स्टोन्स मे जहाँ एमरल्ड, रूबी और सैफायर की विश्व-व्यापी मांग है, तो वहीं दूसरी ओर सेमी- प्रेशियस स्टोंस का उठाव भी अच्छा है। पर दिक्कत आ रही है कच्चे माल की। 150 तरह के सेमी-प्रेशियस स्टोंस का जयपुर में काम है, लेकिन मांग के अनुरूप सप्लाई नहीं है, जिस कारण सामान्य स्तर की तुलना में इनकी कीमत औसतन 50 प्रतिशत महंगी है पर बाजार की मांग अच्छी है, जिस कारण पोसावट आ रही है। जयपुर बाजार में एमरल्ड व रूबी काफी महंगा है, फिर भी बाजार में इनकी अच्छी मांग है। मीडियम श्रेणी के स्टोन भी अधिक महंगे हो गए हैं। ऐसे में ओपेक स्टोन का महत्व बढ़ गया है। बाजार में चार सौ तरह के ओपेक स्टोन उपलब्ध है और ज्वैलरी मे उनका उपयोग किया जा रहा हैं।
जिस तरह का बाजार परिदृश्य है, उसमें लग रहा है कि जयपुर पाँच साल बाद कलर-स्टोन बिजनस मे ग्लोबल केपिटल बन जाएगा।



### जरूरत है रूबी का उत्पादन बढ़ाने की

हाई एंड स्टोंस जिनमें एमरल्ड, रूबी और सैफायर आते हैं, इस समय महंगे हैं और सप्लाई भी मांग के अनुरूप नहीं हैं। इस स्थिति में जयपुर के लिए जरुरी है कि रूबी का उत्पादन बढ़ाया जाए। हालांकि



रूबी और सैफायर दोनों का आयात होता है। हमारे संगठनों ने सरकार से इन दोनों उत्पादों पर सीमा शुल्क घटाने का आग्रह किया है, ताकि कम लागत पर आयात हो सके, और इनसे तैयार रत्न एवं आभूषणों का वैश्विक बाज़ार में प्रतिस्पर्धात्मक कीमतों पर निर्यात किया जा सके। रूबी को प्रोसेस करने का काम जयपुर में बड़ी संभावना वाला है।

### बढ़ रहा है रत्नाभूषण का घरेलू बाजार

जयपुर को अब तक एमरल्ड व कलर स्टोन्स का बड़ा मार्केट माना जाता है, पर अब साथ ही यह ज्वैलरी का भी वृहद एवं विशाल बाज़ार हो गया है। जयपुर से



रत्नाभूषण का जितना निर्यात होता है, उसकी तुलना में पाँच गुना कारोबार घरेलू बाजार का है। जयपुर से बनी ज्वैलरी अब देश के सभी प्रमुख शहरों में जाकर बिक रही है। देश के प्रमुख ज्वैलर्स के लिए जयपुर अब ज्वैलरी का बड़ा सोर्स सेंटर हो गया है। अब तक कलकत्ता को बड़ा केंद्र माना जाता था, लेकिन आज जयपुर उसे रिप्लेस कर आगे बढ़ने को तत्पर है। जयपुर में अब कई तरह की ज्वैलरी बन रही है, जैसे कुंदन मीना, डायमंड, और कलर स्टोन जड़ित इत्यादि। बहुत सारे डिजाइन, और हर तरह की वैरायटी ने जयपुर ज्वैलरी को ग्लोबल मार्केट तक पहुँचा दिया है। अब तो अनेक विदेशी कंपनियां भी जयपुर से ज्वैलरी सोर्स कर रही हैं।

### वैडिंग इंडस्ट्री

निर्मल बरडिय़ा कहते हैं कि वैडिंग इंडस्ट्री का देश की इकोनॉमी मे बड़ा योगदान है। जब भी कोई विवाह होता है, तो वर-वधु दोनों पक्षों की तरफ से ज्वैलरी खरीदी-बनवाई जाती है। विवाह के कुल बजट का 25-40% तक ज्वैलरी पर खर्च होता है। एक वधु की मंशा हीरे की अंगूठी व कुंदन-मीना सैट की होती है। सबकी अपनी पसंद और अपनी क्षमता होती है, जिसका लाभ बड़े पैमाने पर ज्वैलरी इंडस्ट्री को मिलता है। शादी-विवाह के सीजन में तो कारोबार अच्छा रहता ही है, साथ ही अंतरराष्ट्रीय बाजार की मांग ने भी जयपुर की ज्वैलरी इंडस्ट्री को जग-मग कर रखा है।

> **जयपुर का रत्नाभूषण उद्योग बदलाव के दौर में है और यह बदलाव नई ऊंचाई दिलाने वाला दृष्टिगत हो रहा है।**

### लेबर शार्टेज है चिंता का विषय

वे कहते हैं कि रत्नाभूषण उद्योग वस्तुतः श्रमिक आधारित उद्योग है, जाहिर है श्रमिकों की सतत् जरूरत रहती है। इस इंडस्ट्री के लिए महत्वपूर्ण है ट्रेड लेबर। श्रमिकों को प्रशिक्षित करने के लिए निजी व संस्थागत प्रशिक्षण संस्थान हैं, फिर भी एक जरूरत महसूस की जा रही है श्रमिकों मे उत्साह बनाए रखने की। जो नया श्रमिक जुड़ता है तो उसे प्रशिक्षण के दौरान इंसेंटिव मिले, तो वह सीखने का तलबगार रहेगा। इसी तरह काम सीख लेने के बाद उसे अच्छा वेतन व सुविधाएं मिलें, तो वह बेहतर उत्पादकता दे सकेगा। अभी जयपुर की जैम-ज्वैलरी इंडस्ट्री में जो उठाव है, उसे दृष्टिगत रखते हुए जन-संसाधन की समुचित तैयारी भी महत्वपूर्ण है।

इस फील्ड से जुड़े श्रमिकों को पर्याप्त पारिश्रमिक मिलता रहे, तो वे बनें रहेंगें। साथ ही नये श्रमिक इस इंडस्ट्री से सतत् जुड़ते रहें, यह सुनिश्चित करना भी जरूरी है।



JAGS
JEWELLERS ASSOCIATION GEMSTONE SHOW

# ज्वैलर्स असोसिएशन जैमस्टोन शो ने जमाई रंगत

**। देश का एकमात्र रफ एंड कट जैमस्टोन शो ।**

**। 250 से अधिक कलर स्टोन्स और 34 से अधिक रफ की वैरायटी एक ही स्थान पर ।**

**। जैमस्टोन्स की वैरायटी ने किया ज्वैलरी डिजाइनर्स को आकर्षित ।**






शो का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि राजस्थान लघु उद्योग निगम के चेयरमैन राजीव अरोड़ा और ज्वैलर्स असोसिएशन के सदस्य

जनता कॉलोनी, जयपुर स्थित जनोपयोगी भवन में 15 अक्टूबर को आयोजित ज्वैलर्स असोसिएशन जैमस्टोन शो (जैग्स) अपनी रंगत जमाने में कामयाब रहा। शो का शुभारंभ राजस्थान लघु उद्योग निगम के चेयरमैन राजीव अरोड़ा ने किया। यह शो का 22वां संस्करण था।






यह शो देश में रफ एवं कट स्टोन का एकमात्र बी टू बी शो है, जो ज्वैलर्स, ज्वैलरी डिज़ाइनर्स और जैमस्टोन कारोबारियों के लिए यह नये कारोबारी अवसर सृजित करने वाला तथा विस्तार के नये आयाम देने वाला शो है। इस बार शो में 60 एक्जीबिटर्स ने 250 से अधिक वैरायटी वाले कलर जैमस्टोन्स तथा बहुत तरह की रफ वैरायटी का डिस्प्ले किया। शो मे 1500 से अधिक विजिटर्स आए, इनमें से अनेक जयपुर के बाहर व अन्य राज्यों से थे। शो मे रत्नाभूषण व्यवसाय से जुड़े सभी स्टेकहोल्डर्स आए, उन्होंने सैकड़ों वैरायटी वाले जैमस्टोन्स को देखा और प्रभावित भी हुए। अभिषेक सांड बताते हैं कि ज्वैलरी डिजाइन का काम दो तरह से होने लगा है, पहला यह कि जेवरात की डिजाइन पहले होती है और उसमें जड़े जाने वाले जैमस्टोन का चयन बाद में किया जाता है। दूसरा यह कि जैमस्टोन पहले पसंद किया जाता है, उसके बाद जैमस्टोन के हिसाब से ज्वैलरी डिजाइन की जाती है। दोनों ही प्रक्रिया में जैमस्टोन की च्वाइस महत्वपूर्ण होती है। इस च्वाइस मे परफैक्शन तब आता है, जब जैमस्टोन की समुचित वैरायटी हो और उसमें से चयन का अवसर मिले।



**अभिषेक सांड**
संयोजक
ज्वैलर्स असोसिएशन जैम स्टोन शो







शो पोस्टर का विमोचन करते ज्वैलर्स असोसिएशन के सदस्य

## कलर स्टोन्स में नए नए विकल्पों की जानकारी

असोसिएशन के अध्यक्ष डी पी खण्ड़ेलवाल के अनुसार जैमस्टोन जयपुर की पहचान है। इस शो में बहुत सारे डिजाइनर्स ने भी हिस्सा लिया। आज बाजार में कलरस्टोन की इतनी वैरायटी है कि डिजाइनर्स को अपने डिजाइन के लिए अनेक विकल्प मिल जाते हैं। जो लोग कलरस्टोन की नयी श्रृंखला की तलाश में रहते हैं, उनके लिए यह शो बहुत उपयोगी रहा।

## खदानों का बाजार से जुड़ाव

असोसिएशन के सचिव नीरज लुणावत ने बताया कि शो मुख्य रूप से रत्न खदानों को बाजार से जोड़ने पर केंद्रित रहा। मकसद था कि हर प्रकार के कलरस्टोन की खरड़ की आपूर्ति बनी रहे, ताकि जिन ज्वैलर्स व रत्न कारोबारियों के पास थोक व खुदरा बाजार से मांग है, वे खरीददारी कर सकें अर्थात् उनका रॉ मैटेरियल का सप्लाई चैनल बदस्तूर बना रहे।









बॉयर

### बेहतर भविष्य का संकेत

शो विजिटर **विजय गोलछा** ने बताया कि आयोजन बहुत शानदार रहा। हर विजिटर ने उत्सुकता से शो को देखा। विभिन्न रत्नों के बारे में जानकारी प्राप्त की। शो का आयोजन एक वर्ष में चार बार हो रहा है, तो भी लगता है कि फ्रीक्वेंसी कम है।



एग्जिबिटर

### हर माह हो बीटूबी शो

शो एक्जीबिटर हर्ष बधालिया ने जानकारी दी कि मैं इस शो मे हमेशा आता हूँ। लोकल ट्रेडर्स के लिए यह अच्छा प्लेटफार्म है, सभी स्टेकहोल्डर्स का आपस में जुड़ाव बना रहता है। उनका सुझाव है कि यह बीटूबी शो हर माह आयोजित हो, तो और लाभकारी साबित हो सकता है।









### अगला शो 2023 के प्रारंभ में

ज्वैलर्स असोसिएशन जैमस्टोन शो की जिस तरह लोकप्रियता बढ़ रही है, उसे देखते हुए अगले वर्ष के प्रारंभ में इसका आयोजन किया जा रहा है। जैमस्टोन व्यवसाय में बड़े कारोबारी अवसर देने वाला यह देश का प्रमुख व उपयोगी शो है, अतः इसके लिए कारोबारियों मे उत्सुकता रहती है।



भाग 2

# “मेरी कहानी मेरी जुबानी”

## डॉ. रजनीकांत शाह



ब्राजील के बाहिया क्षेत्र से पन्ने का एक नमूना



## इस तरह जयपुर बना एमरल्ड का बड़ा बाजार

अब फिर से बात न्यूयॉर्क की। वर्ष 1975-76 मे एक तरफ जयपुर के जैमस्टोन बाजार में विचलन का दौर चल रहा था, तो दूसरी तरफ परिस्थितियोंवश मैंने न्यूयॉर्क में स्थाई रूप से रहना शुरू कर दिया। चूंकि मेरी सोच जैमस्टोन व्यवसाय पर केंद्रित थी, अतः इस कारोबार मे पूर्णकालिक प्रवेश हो गया। मेरे दिमाग में नये विचार और बिज़नेस आइडियाज थे, जैसे कि ब्राजील से रफ खरीद कर जयपुर बाजार में कटिंग व पॉलिश करने वाले व्यापारियों को बेचा जाए। इस सोच के आधार पर मैंने रफ खरीदने के लिए ब्राजील जाने का फैसला किया। अब मुद्दा था रफ को बेचने का। मैंने इस बारे में स्थानीय व्यापारियों व पारिवारिक मित्रों से बातचीत की, अंततः यह तय किया कि रफ की ब्राजील में जो कीमत है, उस पर 10 प्रतिशत कमीशन जोड़कर जयपुर बाजार में सप्लाई शुरू की जाए। इससे जयपुर के उन कारोबारियों का खर्चा बचेगा, जो रफ खरीदने के लिए ब्राजील आते थे। जयपुर के व्यापारियों के मन में मेरे प्रति जो विश्वास तथा साख थी, वह मेरा आधार बनी। यह देखकर मैने शुरुआत की, हर माह ब्राजील जाता था, सीमित मात्रा में रफ खरीदकर न्यूयॉर्क लाता था और इस रफ को रि-पैक कर जयपुर के व्यापारियों को उनकी मांग व जरूरत के हिसाब से भेज देता था। उन्हें अच्छी क्वालिटी की रफ ब्राजील की कीमत पर मिल जाती थी, पर परिस्थितियां ऐसी बनी कि 1975-80 के बीच जयपुर के बाजार में मंदी चल रही थी, जिस कारण मैं बहुत सीमित मात्रा में रफ खरीदता था और वह माल जयपुर भेज देता था। मंदी के इस बाजार में बने रहना महत्वपूर्ण था, इसलिए मैंने सेमी-प्रीसियस रफ-स्टोंस का काम भी शुरू किया।

ब्राज़ील
story-2

## ब्राज़ील का नया रफ एमरल्ड

कुछ समय में धीरे धीरे बाजार की स्थिति में सुधार आने लगा। न्यू ब्राजील इलाके के मिनास-जेराईस स्टेट की सांता तेरेजिन्हा माइंस मे एमरल्डस की नई रफ मिली। मैं ब्राजील जाता रहता था, यह जानकारी मिलने के बाद मैंने इस खदान से निकली रफ खरीदी और जयपुर में सप्लाई की। लेकिन जयपुर के व्यापारियों को यह उतनी पसंद नहीं आई, क्योंकि एक तो रफ का आकार छोटा था, दूसरे इसमे कई तरह की क्वालिटी का मिश्रण था, कुछ मे काले धब्बे भी थे। ऐसे में मैने जयपुर के व्यापारियों को सुझाया कि वे मिश्रित माल का सलेक्शन करें और उनकी कटिंग एक समान रखें। इसके साथ उन्हें दक्षिणी अफ्रीका की ग्रेवलोट माइंस तथा सैंडवाना की रफ जिसमें ब्लैक पिके शामिल थी, की खेप भेजी गई। चूंकि रफ का आकार छोटा था, अत: कटिंग के दौरान नुकसान भी कम रहता था। जो वैरायटी राउंड, ओवल, पीयर्स, मार्कीस आदि श्रेणी की थी, उसकी कटिंग भी आकार के अनुरूप परफेक्ट हो रही थी। ब्लैक पीके जब कटिंग के बाद शेप लेता था, तो बहुत अच्छा लगता था और इस कारण इसकी मांग भी निकली। कीमतें ठीक थी, बाजार में प्रतिस्पर्धा भी नहीं थी। धीरे धीरे अन्य कारोबारी भी खरीद के लिए ब्राजील आने लगे। जब इनकी संख्या बढ़ गई, तो मांग बढ़ना स्वाभाविक था और इस कारण कीमतों में इजाफा होने लगा। उधर रफ की निकासी बढ़ी, तो खदानें गहरी होने लगी। जब खदान गहरी होती है तो उत्खनन लागत बढ़ जाती है। बाकी महत्वपूर्ण यह रहा कि 1981 से 1991 के बीच का समय बाजार के लिए गोल्डन पीरियड था।


ब्राजील के बाहिया क्षेत्र से पन्ने का लॉट

हम चूंकि कच्चे माल की सप्लाई उचित कीमतों पर लगातार दे रहे थे, इस कारण व्यापारियों का पूरा विश्वास था। लोग रफ देखे बिना ही आर्डर कर देते थे। रफ जब रीजनेबल प्राईस पर मिले, तो बहुत से कारोबारियों को बाजार में सैटल होने का मौका मिल गया, क्योंकि कच्चे माल की लागत व क्वालिटी वाले पक्ष पर वे निश्चिंत थे। अब व्यापारियों का काम बेहतर कटिंग व पालिशिंग रहता था, वे जो माल बनाते थे बाजार में उसकी बहुत अच्छी मांग बनती और बढ़ती चली गई। नतीजा जयपुर का नाम एमरल्ड सिटी के रूप में विख्यात हो गया। 1975-76 की मंदी के दौर से उबरकर जयपुर के बाजार ने 1981-1991 के बीच स्वर्णिम काल भी देखा। तभी 60% अवमूल्यन सामने आया, जिसने व्यापार को बहुत प्रभावित किया। पर न्यू ब्राजील के सांता तेरेजिन्हा माइंड की रफ ने जयपुर के बाजार को सहारा दिया। इसके अलावा सैलियोटा तथा नोवा-ईरा का माल भी उपलब्ध होने लगा। यहाँ वह दौर आया, जब अनेक नये व्यापारियों ने इस काम में प्रवेश किया, वे पनपे भी और खुद को स्थापित भी किया। सभी वैरायटी की सेमी-प्रीसियस रफ की जयपुर बाजार में आपूर्ति बढ़ी। इस दौर में एमरल्ड एवं सेमी-प्रीसियस की बड़ी सप्लाई हमने इस बाजार में की।

ब्राज़ील
story-3

## साथ ब्राज़ील के दिग्गज आस्कर लेडो का

हम आस्कर लेडो के साथ काम करते थे। आस्कर को अंग्रेजी नहीं आती थी और मैं पुर्तगाली नहीं समझ पाता था। हमने साथ यात्रा की, साथ रहे। हम किसी निजी आवश्यकता या बात को संकेत के जरिए समझाया करते थे। हम दोनों एक दूसरे का बड़ा सम्मान करते थे। वे एक बार आर्थिक संकट में आ गए थे, ऐसे में उनकी मदद कर मुझे अच्छा लगा। आस्कर की पत्नी ईनेज को अंग्रेज़ी आती



ऑस्कर लेडो और डॉ रजनीकांत शाह

थी, वे काफी सक्रिय महिला थी और कार्यालय का सारा प्रबंधन वही करती थी। उनका काफी सहयोग रहा।

ब्राजील में जो खदानें थी, उनसे हम रफ खरीदते थे। हमारी ताकत थी हमारी साख, जिस कारण हम एमरल्ड किंग के नाम से जाने गये। एक बार हमारे एक सहायक व अनुवादक ने धोखा कर दिया। उसे हमने खदान वालों को देने के लिए जो धन दिया था, वह नहीं पहुंचाया। हमारे लिए खदान वाले महत्वपूर्ण थे, अतः उन्हें जो दिया जाना था, वह हमने फिर से दिया। हालांकि व्यवहारिक तौर पर दोहरे भुगतान के कारण हमें नुकसान हुआ, लेकिन हमारे लिए महत्वपूर्ण था खदान संचालकों का विश्वास, जो कि कायम रहा।

ब्राजील में काम करने के दौरान कुछ दिलचस्प घटनाक्रम हुए, जैसे एक बार हम शाम के समय सामान पैक कर रहे थे, तो हम पर हमला हुआ, लेकिन शारीरिक नुकसान नहीं हुआ। हालांकि हमारे पास जो कुछ था, उसे वे लूट ले गए। ऐसे ही एक बार एक भारतीय खरीददार से एक पन्ना टूट गया, विक्रेता ने धमकी तक दे दी कि पूरा पैसा दो। फिर आस्कर के सहयोग से बीच-बचाव किया और मामला सैटल हुआ। ब्राज़ील में हमारा व्यवहार हमारी साख का आधार था। यदि कोई विक्रेता आकर कहता कि कल जो माल लिया है, उसके मूल्य निर्धारण में गलती हो गई है, तो हम उसका बचा हुआ पैसा दे देते थे। ऐसे ही भारत से कोई आयातक कहता था कि उसे नुकसान हुआ है, तो हम हमारी 10% कमीशन राशि उसे भेज देते थे।

सप्ताहांत ब्राजील में हम भारतीय बायर्स की एक गेट टुगेदर होती थी। जिसमें हम ब्राजीलियन कार्ड गेम कनास्ता खेलते थे। जो हारता था, उसके जिम्मे रविवार की रात का डिनर खर्च रहता था। रविवार हम सुबह बीच पर पहुंच जाते थे, आधा दिन वहीं रहते थे। शाम को डिनर पर जाते थे, जो कि आमतौर पर लक्सर रेस्टोरेंट में होता था, जहाँ कुछ भारतीय व्यंजन मिल जाते थे। कभी कभी ब्लू बेला में पिज्जा पार्टी होती थी। केंपो और रियो मे ब्राजीलियन महिलाएं खाना बनाती थी। हम भारत से जब जाते थे ग्रोसरी ले जाते थे, ताकि कभी-कभार भारतीय स्वाद मिल जाए।



बाहिया क्षेत्र में भूमिगत खनन



बाहिया क्षेत्र में खनन का एक दृश्य

**रजनीकांत शाह विश्व की कलरस्टोन इंडस्ट्री में बहुत बड़ा नाम है, साथ ही उन्हें एमरल्ड किंग के नाम से जाना जाता है। जैम वर्ल्ड उनकी कारोबारी सफलता और अनुभवों को उन्हीं के शब्दों में यहाँ प्रकाशित कर रहे हैं। इसे अगले दो-तीन अंकों में भी जारी रखा जाएगा।**

## डॉ रजनीकांत शाह के कलेक्शन से
## डाक टिकटों की जुबानी... बेशकीमती एमरल्ड की कहानी.

https://youtu.be/STwtuLV5hw0
https://youtu.be/7ACPc2HuHaA

# A STORY OF EMERALD

*A Precious Stone*

**Dr. Rajnikant Shah**
doctorrshah@gmail.com

Name: Derived from the Latin word "*Smaragdos*"
Considered as Precious Stone, along with Ruby, Sapphire, Diamond, and Pearls.
Sources - Afghanistan, Brazil, Colombia, African Countries, Pakistan, & Russia.

Family: Beryl; Group: Silicates
Chemical Formula: $Be_3Al_2SiO_6$
Color: Green – Lighter to Darker Shade
*Due to presence of Chrome.*

Luster: Semi Translucent
Hardness: 7.5 to 8
Density: 2.67 to 2.78
*Last stamp, look for printing error*

Emerald Cut Into Various Shapes:
Octagonal, Round, Square, Pear, Cabs.
Marquee and Various Carvings
*FDC shows various cuts.*

Oldest known Emerald is Cleopatra's Emerald
Colombians knew about Muzo & Chivor mines.
Old Indian Literature mentions about Emerald.

*A Stone Dedicated To Venus*
*Love Is an Emerald*

Uses: In Jewelry. Commonly with Diamonds & Ruby
*Colombian stones are preferred due to its pleasant color with Life and Luster*

*Emerald Symbolizes Growth*
*Emerald Is a Stone Of Great Harmony*

A Statue in a Temple at Bangkok
Quran carved on a piece of Emerald Plate
An Idol carved from a piece of Rough Emerald
As per Astrology it is related to the planet Mercury

### One of the Precious Stones



2012 Jan 02 — 1981 Dec 29

### Rough Emeralds




1993 Jan 12 — 1987 Jan 02 — 1963 Dec 26

### Look for Life & Luster




1964 Feb 19 — 2012 Feb 24 — 1977 Nov 19

### Various Types of Cuts




1966 Feb 09 — 1969 Sep 29 — 1977 Nov 19

### Oldest Emerald Stamp Printed




1932 Jan 01 — 1932 Jan 01 — 1977 Jun 16

### Uses in Jewelry




2012 Jan 01 — 2012 Jan 01 — 1996 May 09

### Emerald Carvings`



1995 May 13 — Quran — Jain Idol

**A Thematic Journey Into The World Of Gemstones, Minerals, Jewelry, Clocks, Coins, Gold & Silver**
**www.drshahstamps.com ; www.stampsongemsandjewelry.com**



# अलेसियो बोशी के 'फोर-रिवर नैकलेस' ने लुभाया विसेंजा शो में

**प्रेरणा माखरिया देश की एक जानी मानी ज्वैलरी इन्फ्लुएंसर हैं। इटली में आयोजित प्रख्यात विसेंजा शो में उन्होंने जो देखा-पाया, प्रस्तुत है उनके शब्दों में -**



यूं तो जैम-ज्वैलरी के अनेक शो विश्व भर में होते हैं, लेकिन रुमानियत से भरपूर इटली के विसेंजा शो की बात ही कुछ और है। यह शो उत्पाद व कारीगरी के लिहाज से अनूठा है। इस बार शो का आयोजन चूंकि कोविड के बाद हुआ था, इस कारण पश्चिमी दुनिया के इस ख्यातनाम शो पर जैम एंड ज्वैलरी के सभी स्टेकहोल्डर्स की निगाहें थी और साथ ही उत्सुकता भी, क्योंकि यूरोपीय-अमेरिकी ज्वैलरी मार्केट का ट्रेंड इस शो से क्रियेट होता है। विसेंजा शो एंटिक ज्वैलरी डिस्प्ले का बड़ा आयोजन है। एक से एक वैरायटी इस शो में मिलती है। शो में पराईबा तुरमलीन एवं अन्य कलरस्टोन जैसे तंजेनाईट, मार्गेनाइट, मैलाकाइट, विभिन्न तरह के कोरल्स और मोतियों की बड़ी ट्रेंडिंग देखने को मिली। शो मे सबसे महत्वपूर्ण यह लगा कि ज्वैलरी का केवल डिस्प्ले नहीं हुआ है, बल्कि प्रदर्शित जेवरात का पूरा कथाक्रम बताया गया है। जेवरात मे जो भी रत्न जड़ा गया, उस प्रक्रिया का परफैक्शन भी देखने को मिला। अंत मे बात शो की, तो वह बहुत अच्छे से आयोजित किया गया।

शो मे सबसे अधिक पसंद आया **अलेसियो बोशी द्वारा बनाया गया नैकलेस "फोर रिवर"**। यह नेकलेस नवोना स्क्वायर रोम को समर्पित किया गया था। इसे बनाने में 345 कैरेट्स पराईबा तुरमलीन सैट किये गए, जिनमे 80 कैरट अंदर की तरफ थे। इसके अलावा 131 एमरल्डस, मोती एवं व्हाइट डायमंड्स जड़े गये। इसे एक थॉटफुल कंसेप्ट से बनाया गया और बनाने में छह माह का समय लगा। इसे जब देखा, तो बस देखते ही रह गए।

यह डायमंड जड़ित खूबसूरत ब्रूच है, जो वेनिस के कार्निवल मास्क से प्रेरित है। एक और ब्रूच यहाँ दर्शाया गया है, जिसमें ईबोनी हैड के साथ एमरल्डस, टरकाईस और लेपिस लज़ूली सज्जित है।



